1 चित्र के संग-संग (चित्रपाठ)



1. चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) पहले चित्र में कौन-कौन सी क्रियाएँ हो रही हैं ?

(2) गुब्बारे हवा में क्यों उड़ रहे हैं ?

(3) ट्यूब में हवा कब और क्यों भरी जाती है?

(4) चित्र में कुत्ता मुँह लटकाकर क्यों लेट गया है?

(5) कुँजड़िन (सब्जी बेचने वाली) कहाँ-कहाँ जा सकती है ?

(6) रिक्शे में एक ही यात्री क्यों बैठा है?

2. चित्र का अवलोकन करके प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) टायर फटने पर क्या-क्या हुआ ?

(2) टायर के अलावा फटनेवाली चीजों के नाम बताइए।

(3) रिक्शेवाला बाइक से क्यों टकराया?

(4) टायर फटने का प्रभाव किन-किन पर नहीं पड़ा?

(5) मोची क्यों रास्ते पर आ गया ?

3. 'टायर फटा' घटना के सन्दर्भ में आपने चर्चा की। आप भी ऐसी किसी आँखों देखी घटना के बारे में बताइए।

स्वाध्याय

1. चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) रबर से बनी हुई चीजों के नाम लिखिए।

(2) टायर फटने से पहले क्या हो रहा था ?

(3) टायर क्यों फटा ?

(4) टायर फटने के बाद क्या-क्या हुआ ?

2. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर उसका सुलेखन कीजिए :

सूर्य अस्त होने से पहले ही वह गुरुजी के घर जा पहुँचा। उसने गुरुजी के चरण छूकर प्रणाम किया। उसके साथियों को जब पता चला कि वह फिर वापस आ गया है, तब वे तरह-तरह की बातें बनाने लगे। गुरुजी उसे देखते ही बोले; ''बेटा वरदराज ! तुम घर नहीं गए क्या?'' वह नम्रतापूर्वक बोला, ''गया था गुरुजी, पर आधे रास्ते से लौट आया। अब मेरी आँखें खुल गई हैं। मैने निश्चय किया है कि मैं पूरी लगन और परिश्रम से पढ़ूँगा। आज से आपको कभी कुछ कहने का अवसर नहीं दूँगा।''

3. चित्रों को देखकर दोनों में क्या-क्या अंतर है, ढूँढ़कर बताइए :